# आवदा में लगा स्वास्थ्य शिविर 80 रोगियों का किया परीक्षण



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में सब हेल्थ सेंटर आवदा में स्वास्थ्य विभाग एवं एविटास फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 80 मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उपचार प्रदान किया गया। रोगियों की मलेरिया की जांच किट के माध्यम से जांच की गई एवं सभी को आवश्यक दवाइयां भी निःशुल्क वितरित की गईं। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को मौसमी बीमारियों से बचाव के उपायों पर विशेष जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मलेरिया व डेंगू से बचने के लिए घर के आसपास पानी इकट्ठा न होने दें, पानी के बर्तन ढंक कर रखें तथा मच्छरदानी और रिपेलेंट का उपयोग करें। साथ ही, शरीर में पानी की कमी न हो, इसके लिए स्वच्छ और पर्याप्त मात्रा में पानी पीना आवश्यक है। इस मौसम में हरी सब्जियों, मौसमी फलों व पौष्टिक आहार का सेवन करने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत रहती है। विशेषज्ञों ने लोगों को यह भी आगाह किया कि यदि बुखार, सिरदर्द, बदन दर्द, कमजोरी, उल्टी या चक्कर आने जैसे लक्षण दिखें तो बिना देर किए तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं। समय पर इलाज मिलने से गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं से बचाव संभव है। शिविर में साफ-सफाई रखने, हाथ धोने की आदत अपनाने, खुले में शौच से बचने, बच्चों का टीकाकरण समय पर कराने और समय-समय पर नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की भी सलाह दी गई। इस शिविर में मलेरिया इंस्पेक्टर नरसिंह गौर, सीएचएस श्री विनोद कुमार, एएनएम श्रीमती निवेदिता चिड़ार, आशा कार्यकर्ता श्रीमती लक्ष्मी आदिवासी व श्रीमती विमला गुर्जर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती उर्मिला जादोन एवं श्री राजा आदिवासी तथा एविटाज फाउंडेशन से प्रोग्राम ऑफिसर श्री नीरज कुमार की सक्रिय उपस्थिति रही।

## समग्र आईडी का आधार से मैपिंग कराने के निर्देश

**श्योपुर ब्यूरो।** आयुक्त कोष एवं लेखा मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को निर्देश जारी किये गये है कि माह जून 2025 तक अपने अधीन समस्त शासकीय सेवको को ई-केवायसी प्रक्रिया के तहत आईएफएमआईएस में समग्र आईडी का आधार के साथ मैपिंग कार्य तत्काल पूर्ण कराया जायें, अन्यथा की स्थिति में आईएफएमआईएस में सिर्फ ई-केवायसी पूर्ण किये गये सेवको का ही माह जून 2025 का वेतन आहरण किया जाना सुनिश्चित किया जायें। इस संबंध में समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी उपरोक्तानुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

# उपचार के लिए दो हितग्राहियों को दी 10-10 हजार की सहायता राशि

### दिव्यांगजनो को भी मिली 5-5 हजार की आर्थिक सहायता, जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा जनसुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हुए हितग्राहीमूलक योजनाओं में जहां हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया, वही जरूरतमंद परिवारों को तात्कलिक सहायता के रूप में रेडक्रॉस के माध्यम से आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। इसके साथ ही ग्राम पहेला निवासी श्री हरिओम आदिवासी के आवेदन का मौके पर ही निराकरण करते हुए बताया गया कि आवास की दूसरी किस्त डीबीटी खाते में अंतरित कर दी गई है, आवेदक ने बताया था कि उसकी पत्नि श्रीमती भरोसी बाई के नाम से स्वीकृत आवास की दूसरी किस्त नही मिली है, जांच उपरांत पाया गया कि दूसरी किस्त का भुगतान डीबीटी के माध्यम से बैंक खाते में किया जा चुका है। जनसुनवाई के दौरान कुल 244 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, एसडीएम श्री बीएस श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर श्री संजय जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा कैंसर पीडित श्रीमती पिस्ता बाई पत्नि श्री रामलखन बैरवा निवासी नारायणपुरा को 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। बीमारी से ग्रसित श्रीमती पिस्ता का उपचार वर्तमान में आयुष्मान भारत निरामयम योजना के तहत भोपाल के अस्पताल में निशुल्क किया जा रहा है। हितग्राही महिला ने जनसुनवाई में उपस्थित होकर मांग की कि ईलाज के लिए भोपाल जाने हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की जायें, इस पर 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। इसी प्रकार ग्राम ढेगदा निवासी बालिका कु. वर्षा के उपचार हेतु पिता श्री रामसुख आदिवासी को भी 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई, साथ ही बालिका को ईलाज के लिए एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया गया। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा जनसुनवाई के दौरान वार्ड नंबर 11 श्योपुर निवासी दिव्यांग दंपत्ति श्री छोटेलाल डोम को 5 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई, साथ ही परिवार का नाम बीपीएल सूची में जोडते हुए स्वीकृति आदेश प्रदान किया गया। दिव्यांग दंपत्ति ने जनसुनवाई में अवगत कराया कि दोनो को सामाजिक सुरक्षा पेंशन मिलती है, लेकिन दोनो पति-पत्नि दोनो आंखो के दिव्यांग होने से मजदूरी करने में असमर्थ है। इस पर बच्चों के नाम स्पोन्सरशिप योजना में जोडने के निर्देश भी दिये गये। योजना में नाम जुडने से दोनो बच्चों को 4-4 हजार रूपये की राशि प्रत्येक माह मिलेगी। इसी प्रकार ग्राम खिरनी निवासी दिव्यांग युवक श्री खेमराज बैरवा पुत्र श्री राम बैरवा को भी रेडक्रॉस के माध्यम से 5 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने जनसुनवाई के दौरान एसडीएम एवं तहसीलदार को निर्देश दिये कि गुर्दे की गंभीर बीमारी से पीडित व्यक्तियों के नाम बीपीएल सूची में तत्काल जोडे जायें, जिससे उन्हें अस्पताल में डायलसिस की सुविधा निशुल्क उपलब्ध हो सकें। वार्ड नंबर 9 श्योपुर निवासी युवक श्री शैलेन्द्र जाटव एवं वार्ड नंबर 11 निवासी श्रीमती गायत्री बाई के आवेदनों पर उक्त निर्देश दिये गये। उन्होने कहा कि अस्पताल में डायलसिस की व्यवस्थाएं चॉक-चौबंद रखी जाये तथा डायलसिस के लिए आने वाले पीडित मरीजों को डायलसिस की सुविधा उपलब्ध कराई जायें। उन्होने कहा कि नियमानुसार बीपीएल एवं आयुष्मान कार्ड योजना के तहत निशुल्क डायलसिस का प्रावधान है, इसलिए ऐसे पीडित व्यक्ति जिनको डायलसिस की आवश्यकता है, उनके नाम बीपीएल सूची में जोडने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने जनसुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत प्राप्त दो आवेदन का मौके पर ही निराकरण किया गया। आवेदन के परीक्षण उपरांत हितग्राही श्री सूरज रजक निवासी रघुनाथपुर को अवगत कराया गया कि दो लाख रूपये की राशि स्वीकृत होकर बैंक खाते में भेजी गई है, लेकिन बैंक खाता कियोस्क में होने से राशि का अंतरण नही हुआ है, इसलिए बैंक शाखा में खाता खुलवाकर अकांउट नंबर प्रदाय किया जायें, जिसमें राशि भेज दी जायेगी। आवेदक ने आवेदन प्रस्तुत कर अपनी मॉ स्व. श्रीमती स्वरूपी बाई की मृत्यु होने से योजना के तहत अनुग्रह राशि दिये जाने की मांग की गई थी। इसी प्रकार श्रीमती सरिता कुशवाह निवासी बराकला के आवेदन का निराकरण करते हुए जानकारी दी गई कि योजना के तहत राशि स्वीकृत हो चुकी है तथा सिंगल क्लिक के माध्यम से दो लाख रूपये की राशि बैंक खाते में अंतरित की जायेगी। महिला ने अपने पिता स्व. श्री वीरेन्द्र कुशवाह के मृत्यु हो जाने पर संबल योजना के तहत अनुग्रह राशि की मांग की थी।

# मध्य प्रदेश में आबकारी विभाग में बड़ा फेरबदल: 7 सहायक जिला आबकारी अधिकारियों का तबादला

**भोपाल।** मध्य प्रदेश शासन, वाणिज्यिक कर विभाग ने राज्य में 7 सहायक जिला आबकारी अधिकारियों का प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरण किया है। इस संबंध में मंगलवार, 16 जून, 2025 को मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल से आदेश क्रमांक एफ 1/1/41/0029/2025-Sec-2-05(CT) जारी किया गया। आदेश के अनुसार, तत्काल प्रभाव से प्रभावी होने वाले इस फेरबदल में कई जिलों के आबकारी अधिकारी प्रभावित हुए हैं। राज्य शासन ने यह निर्णय प्रशासनिक दक्षता और सार्वजनिक हित को ध्यान में रखते हुए लिया है।

**स्थानांतरित अधिकारियों की सूची :**

श्री सूर्यनारायण पांडे- सहायक जिला आबकारी अधिकारी, कार्यालय संभागीय उड़नदस्ता संभाग रीवा से सहायक जिला आबकारी अधिकारी, जिला सतना स्थानांतरित।

श्रीमती अंशु सिंह- सहायक जिला आबकारी अधिकारी, कार्यालय आबकारी आयुक्त, मध्यप्रदेश ग्वालियर से सहायक जिला आबकारी अधिकारी, जिला शिवपुरी स्थानांतरित।

श्री राघवेंद्र सिंह बुंदेला- सहायक जिला आबकारी अधिकारी, जिला सागर से सहायक जिला आबकारी अधिकारी, जिला रायसेन स्थानांतरित।

श्री विनोद सल्लाम- सहायक जिला आबकारी अधिकारी, जिला नर्मदापुरम से सहायक जिला आबकारी अधिकारी, जिला जबलपुर स्थानांतरित।

श्री जयसिंह ठाकुर- सहायक जिला आबकारी अधिकारी, जिला खरगोन से सहायक जिला आबकारी अधिकारी, जिला इंदौर स्थानांतरित।

श्री मनीष बर्वे- प्रभारी अधिकारी, विदेशी मदिरा भाण्डागार, जावरा, रतलाम से सहायक जिला आबकारी अधिकारी, जिला उज्जैन स्थानांतरित।

श्री हसनलाल गोहिया- सहायक जिला आबकारी अधिकारी, जिला छतरपुर से सहायक जिला आबकारी अधिकारी, जिला टीकमगढ़ स्थानांतरित।

यह आदेश मध्य प्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा सचिव, वाणिज्यिक कर विभाग, धनराजु एस. द्वारा हस्ताक्षरित है। धनराजु एस. के डिजिटल हस्ताक्षर 16-06-2025 को 16-41-15 पर किए गए हैं।

इस फेरबदल को राज्य में आबकारी व्यवस्था को और सुदृढ़ करने तथा प्रशासनिक कार्यों में नई गति लाने के उद्देश्य से देखा जा रहा है।

# वन विभाग, मध्य प्रदेश : 245 वनरक्षकों का स्वयं के व्यय पर स्थानांतरण

**भोपाल।** मध्य प्रदेश शासन, वन विभाग ने 17 जून 2025 को एक आदेश जारी कर 245 वनरक्षकों का उनके स्वयं के व्यय पर स्थानांतरण कर दिया है। यह स्थानांतरण अस्थायी रूप से अगले आदेश तक के लिए किया गया है। स्थानांतरित होने वाले वनरक्षकों में पुरुष और महिला दोनों शामिल हैं, जिन्हें उनकी वर्तमान पदस्थापना से कॉलम-4 में उल्लिखित नवीन पदस्थापना पर भेजा गया है।

**कुछ प्रमुख स्थानांतरणों में शामिल हैं :**

श्री प्रदीप कुमार सिंह परिहार का दक्षिण वनमंडल बैतूल से सा. वनमंडल रीवा में स्थानांतरण।

श्रीमती संगीता सिंह का सा. वनमंडल सिंगरौली से सा. वनमंडल रीवा में स्थानांतरण।

श्री वीरेन्द्र कुमार शुक्ला का संजय टाइगर रिजर्व सीधी से सा. वनमंडल रीवा में स्थानांतरण।

श्रीमती वर्षा खिंची का सा. वनमंडल देवास से सा. वनमंडल नीमच में स्थानांतरण।

सुश्री प्रज्ञा भट्ट का सा. वनमंडल नीमच से सा. वनमंडल इंदौर में स्थानांतरण।

श्री सत्येन्द्र शर्मा का दक्षिण उत्पादन वनमंडल बालाघाट से सा. वनमंडल मुरैना में स्थानांतरण।

श्री दिलीप कुमार दुबे का कान्हा टाइगर रिजर्व मंडला से सा. वनमंडल कटनी में स्थानांतरण।

श्रीमती रीना जाटव का वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व सागर से सामाजिक वानिकी वृत्त इंदौर में स्थानांतरण।

श्री संतोष कुमार सेन का पन्ना टाइगर रिजर्व पन्ना से सा. वनमंडल छतरपुर में स्थानांतरण।

श्री अंकित नागर का सा. वनमंडल खंडवा से सा. वनमंडल इंदौर में स्थानांतरण।

श्री रोहित गुप्ता का दक्षिण वनमंडल पन्ना से सा. वनमंडल छतरपुर में स्थानांतरण।

श्री कैलाश चंद्र डामोर का सा. वनमंडल सीहोर से सा. वनमंडल रतलाम में स्थानांतरण।

# वनरक्षकों का तबादला : खंडवा से सागर और विदिशा से अशोकनगर समेत 20 वनरक्षकों के हुए स्थानांतरण

**भोपाल।** मध्य प्रदेश शासन, वन विभाग ने प्रशासनिक आधार पर 20 वनरक्षकों का तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण कर दिया है। यह आदेश 17 जून 2025 को मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल से जारी किया गया है। आदेश क्रमांक स्न-1/1/4/0025/2025-Sec-1-10 के तहत, इन वनरक्षकों को उनकी वर्तमान पदस्थापना से कॉलम-4 में उल्लिखित नवीन पदस्थापना पर अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक पदस्थ किया गया है।

**स्थानांतरित वनरक्षकों की सूची :**

* श्री जागृत चौरसिया को सा. वनमंडल खंडवा से दक्षिण सा. वनमंडल सागर स्थानांतरित किया गया है।
* श्री आशीष शर्मा का स्थानांतरण सा. वनमंडल विदिशा से सा. वनमंडल अशोकनगर किया गया है।
* श्री भरत यादव को सा. वनमंडल नीमच से सा. वनमंडल मंदसौर भेजा गया है।
* श्रीमती नेहा रघुवंशी का तबादला सा. वनमंडल औबेदुल्लागंज से पूर्व सा. वनमंडल छिंदवाड़ा हुआ है?
* श्री आदित्य प्रताप सिंह को दक्षिण वनमंडल पन्ना से सा. वनमंडल सतना स्थानांतरित किया गया है?
* श्रीमती रामवती साहू को सतपुड़ा टा.रि. नर्मदापुरम से सा. वनमंडल भोपाल भेजा गया है?
* श्री विजय सिसौदिया का स्थानांतरण सा. वनमंडल हरदा से सा. वनमंडल नर्मदापुरम हुआ है?
* श्रीमती प्रतिभा त्रिपाठी को सा. वनमंडल दमोह से कार्य आयोजना सागर स्थानांतरित किया गया है।
* श्री पुष्पेन्द्र शर्मा का तबादला सा. वनमंडल रायसेन से सा. वनमंडल भोपाल हुआ है?
* श्री लालबहादुर पनिका को संजय टा.रि. सीधी से सा. वनमंडल सिंगरौली भेजा गया है?
* श्री कार्तिक राजपूत का स्थानांतरण सा. वनमंडल औबेदुल्लागंज से सा. वनमंडल भोपाल किया गया है?
* श्री निलेश भारती को सा. वनमंडल बुरहानपुर से पश्चिम सा. वनमंडल छिंदवाड़ा स्थानांतरित किया गया है।
* श्री प्रवीण सिंह परिहार का तबादला सा. वनमंडल नर्मदापुरम से सा. वनमंडल भोपाल हुआ है।
* श्री देशराज जाटव को पश्चिम सा. वनमंडल बैतूल से सा. वनमंडल शिवपुरी भेजा गया है।
* श्री पुष्पेन्द्र मिश्रा का स्थानांतरण बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया से सा. वनमंडल रीवा किया गया है।
* श्री प्रदीप सिंह भदौरिया को सा. वनमंडल हरदा से सा. वनमंडल इंदौर स्थानांतरित किया गया है।
* श्री राघवेन्द्र शर्मा का तबादला सा. वनमंडल विदिशा से सा. वनमंडल मुरैना हुआ है।
* श्री अवधेश कुमार को सा. वनमंडल श्योपुर से राष्टीय चंबल अभ्यारण वनमंडल मुरैना भेजा गया है।
* श्री पवन कुमार शर्मा का स्थानांतरण सा. वनमंडल श्योपुर से सा. वनमंडल मुरैना किया गया है।
* श्री हेमन्त कुमार राजपूत को दक्षिण सा. वनमंडल पन्ना से सा. वनमंडल छतरपुर स्थानांतरित किया गया है?

आदेश में यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि स्थानांतरित कर्मचारी स्थानांतरण आदेश जारी होने के दो सप्ताह के भीतर स्थानीय व्यवस्था से कार्यमुक्त हो जाएं।

# अपर कलेक्टर ने जनसुनवाई में एक आवेदक की समस्या का तत्काल किया निराकरण

### जनसुनवाई में श्रीमती राधा को मौके पर ही मिली ट्राई साईकिल, अपर कलेक्टर ने जनसुनवाई में 91 से अधिक प्राप्त आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए



**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्ट्रेट में आयोजित शासन की महत्वाकांक्षी योजना जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री एल.के. पाण्डेय ने आवेदकों की समस्याओं, शिकायतों को सुना और उनका निराकरण किया। कुछ प्रकरणों में संबंधित जिला अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही एवं शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान 91 से अधिक आवेदन आए जिन पर संबंधितों को भेजकर कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शिवांगी अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी, शहरी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। जनसुनवाई के दौरान फरियाद लेकर आने वाली ग्राम पिडोरा जिला भिण्ड निवासी श्रीमती राधा पत्नी श्री रामभरोसे द्वारा दिव्यांगता के कारण दैनिक दिनचर्या के कामों में होने वाली परेशानी के बारे में अवगत कराया गया। जिस पर अपर कलेक्टर ने श्रीमती राधा की परेशानियों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुये तत्काल संज्ञान लेकर सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर श्रीमती राधा को मौके पर ही तत्काल ट्राई साईकिल उपलब्ध कराई।

अपनी समस्या का निराकरण हो जाने पर श्रीमती राधा ने जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया।

# बाढ आपदा प्रबंधन हेतु कलेक्टर ने जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष का किया गठन

### अप्रिय घटना होने पर तत्काल जिला प्रबंधक श्री प्रजापति मो.8285781999 एवं श्री उपाध्याय मो.9893310941 तथा कन्ट्रोल रूम मो.9244336334 एवं 8450009249 पर सूचना दें

**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव द्वारा बाढ़ आपदा प्रबंधन की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार जिला स्तर पर आपदा नियंत्रण एवं प्रबंधन कक्ष की स्थापना की जाकर तीन पारियों में 8-8 घण्टे के मान से कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाकर 24 घण्टे के खोलने हेतु निर्देशित किया गया है। बैठक में प्रदाय निर्देशानुसार जिला प्रबंधक लोक सेवा श्री भानु प्रजापति मो. 8285781999 एवं जिला प्रबंधक ई-गवर्नेश श्री सौरभ उपाध्याय मो. 9893310941 को कन्ट्रोल रूम का नोडल नियुक्त किया गया है। आपदा प्रबंधन और आपदा स्थिति से निपटने के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के संपर्क नंबर 9244336334 एवं 8450009249 पर किसी भी आपात परिस्थिति में इन नंबरों पर सूचना दी जा सकती है। जिल स्तर पर आपदा नियंत्रण एवं प्रबंधन कक्ष में प्रातः 06रू00 बजे से दोपहर 02रू00 बजे तक श्री पंकज शर्मा सहायक प्रबंधक ई-गवर्नेंस (शिफ्ट प्रभारी), लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्री विनय अनुरागी, कुशल (लो.नि.वि.) श्री महेश शर्मा, नायक 259 होम गार्ड श्री रमेश शर्मा, भृत्य शा.उमावि. बबेडी श्री इन्द्रवली सिंह कुशवाह, दोपहर 02रू00 बजे से रात्रि 10रू00 बजे तक श्री दीपक कुमार लखेरे कार्यालय सहायक लोक सेवा (शिफ्ट प्रभारी), कम्प्यूटर ऑपरेटर (पी.एच.ई.) श्री डोरी लाल शर्मा, ऑपरेटर (पी.डब्ल्यू.डी.) श्री कुमार गौरव, सैनिक 184 होमगार्ड श्री रामबाबू, भृत्य जल संसाधन विभाग श्री विजय श्रीवास, रात्रि 10रू00 बजे से प्रातः 06रू00 बजे तक श्री शिव तोमर सहायक प्रबंधक ई-गवर्नेंस (शिफ्ट प्रभारी), ऑपरेटर (म.प्र.ग्रा.स.वि.प्राधि. इकाई भिण्ड) श्री अमित श्रीवास, सैनिक 242 होमगार्ड श्री शिवसिंह की ड्यूटी लगाई गई है। उपरोक्त गठित टीम शिफ्ट प्रभारी के निर्देशन में भारतीय मौसम विभाग द्वारा प्रतिदिन जारी की जाने वाली चेतावनी जिला आपदा नियंत्रण एवं प्रबंधन कक्ष द्वारा मैदानी स्तर के अधिकारीयों को भेजने की व्यवस्था करेगी। प्रत्येक दिवस तत्काल आपदा की घटनाओं की जानकारी लेकर भोपाल सिचुएशन रूम को अवगत करवाएंगे, जिले में जल संसाधन विभाग से निरन्तर समन्वय रखेंगे एवं नदियों के जल स्तर की जानकारी एवं प्रत्येक दिवस की प्राकृतिक आपदा की रिपोर्ट कलेक्टर भिण्ड को प्रस्तुत करेंगे। समस्त शिफ्ट इंचार्ज भू अभिलेख कार्यालय से समन्वय कर आपदा कम्युनिकेशन प्लान 03 दिवस में तैयार करेंगे। डीडब्ल्यूआरएस पोर्टल पर दी जाने वाली प्रत्येक दिवस की जानकारी, दैनिक वर्षा एवं क्षति की जानकारी कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख द्वारा पोर्टल पर अपडेट की जायेगी, इस हेतु नियमानुसार ड्यूटी लगाते हुए अवगत करवाएं। उपरोक्त टीम के सहयोग हेतु पूर्व से कार्यरत कण्ट्रोल रूम के कर्मचारियों को पदजंसा `वज्रिंतम 181 ऑपरेट करने एवं सिचुएशन रूम भोपाल से कनेक्ट रहने हेतु निर्देशित किया है। जिसमें प्रातः 06रू00 बजे से दोपहर 02रू00 बजे तक श्रीमती किरन राजावत (कन्ट्रोल रूम), श्री अमित यादव (कन्ट्रोल रूम), श्री सचिन तिवारी (कन्ट्रोल रूम), भृत्य श्री छविराम, दोपहर 02रू00 बजे से रात्रि 10रू00 बजे तक श्री प्रदुम्मन सिंह (कन्ट्रोल रूम), श्री राघवेन्द्र सिंह (कन्ट्रोल रूम), श्री रोहित राजावत (कन्ट्रोल रूम) भृत्य श्री धारा सिंह की ड्यूटी लगाई गई है। उक्त आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

# कानूनी रूप से बच्चे बने साक्षर



**भिण्ड ब्यूरो।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर तथा उमेश पाण्डव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड के आदेशानुसार एवं सुश्री अनुभूति गुप्ता, न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड एवं डॉ. मनोज कुमार, न्यायाधीश, भिण्ड की अध्यक्षता में एम.राम कोचिंग क्लासेस, लहार रोड, भिण्ड में आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन के लिए विधिक सेवाऐं योजना, 2015 के आलोक में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित सुश्री अनुभूति गुप्ता, न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड एवं डॉ. मनोज कुमार, न्यायाधीश, भिण्ड ने समस्त छात्र-छात्राओं एवं उपस्थिजन को आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन के लिए विधिक सेवायें योजना, 2015 के आलोक में अनुसूचित जाति के विधिक अधिकारों तथा शासन की योजनाओं का लाभ प्रदाय किये जाने के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदाय की गई एवं शासन द्वारा आपदा पीड़ितों के लिए जो जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की गई है उनके बारें में भी विस्तृत रूप से जानकारी प्रदाय की गई। इसके अतिरिक्त बच्चों को विभिन्न प्रकार के सामान्य कानूनी नियमों के बारें में भी अवगत कराया गया तथा बच्चों द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्नों का बहुत ही सरल एवं सहज भाषा में उत्तर प्रदाय किया गया। उक्त अवसर श्री अमित थापक असिस्टेंट, एलएडीसी भिण्ड, कोचिंग के प्रबंधक श्री मंशाराम समस्त छात्र-छात्राएं एवं श्री सुभाष दुबे, पीएलव्ही भिण्ड उपस्थित रहे।

## राष्ट्र सेवा ही सबसे बड़ा धर्म - ब्रिगेडियर के.डी.एस. झाला, ब्रिगेडियर झाला ने किया एनसीसी कैंप का निरीक्षण

**भिण्ड ब्यूरो।** 30 मध्य प्रदेश बटालियन एनसीसी भिंड के तत्वावधान में चल रहे संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के छठे दिन एनसीसी मुख्यालय के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर के.डी.एस. झाला ने शिविर का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम शिविर में उपस्थित एनसीसी कैडेट्स ने कमांडर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया, जो उनके प्रति सम्मान और अनुशासन का परिचायक था। इसके बाद ब्रिगेडियर झाला ने पूरे शिविर का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर के सभी 400 कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि ष्राष्ट प्रेम ही सबसे बड़ा धर्म हैष। उन्होंने एनसीसी के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि देश की उन्नति के लिए युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और एनसीसी युवाओं को इस दिशा में तैयार करने का एक सशक्त माध्यम है। ब्रिगेडियर झाला ने एनसीसी के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि एनसीसी केवल सैन्य प्रशिक्षण तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह कैडेट्स के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। एनसीसी से जुड़कर कैडेट्स में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, समय प्रबंधन और टीम वर्क जैसे महत्वपूर्ण गुण विकसित होते हैं। उन्होंने जोर दिया कि एनसीसी कैडेट्स को विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट अनुभव प्रदान करती है, जैसे कि माउंटेनियरिंग, एडवेंचर एक्टिविटीज, डिजास्टर मैनेजमेंट और सोशल सर्विस वर्क, ये अनुभव उन्हें न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं, बल्कि उन्हें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए भी तैयार करते हैं। एनसीसी द्वारा सिखाई गई अच्छी आदतें और जीवन कौशल कैडेट्स को जीवन के हर क्षेत्र में सफल होने में मदद करते हैं। ग्रुप कमांडर ने दोपहर भोजन के दौरान एनसीसी कैडेट्स से सेना में उनके करियर निर्माण के अवसरों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कैडेट्स को सेना में विभिन्न भूमिकाओं और करियर पथों के बारे में जानकारी दी, जिससे युवाओं को अपने भविष्य के बारे में स्पष्टता मिल सके। इस अवसर पर 30 एम.पी. बटालियन एनसीसी भिंड के कमान अधिकारी कर्नल कुलवंत सिंह कुहाड़, कर्नल अविनेंदर, सूबेदार मेजर मदन सिंह, ए.एन.ओ. और समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।


**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मुरैना (म0प्र0)**

कमांक/क्यू/3/मा.रा./खनिज/2025/808 मुरैना,दिनांक- 11/06/2025

(म.प्र.गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अर्न्तगत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति जो लागू हो प्राप्त करने के लिए)

**द्वितीय सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक-स्वैप माइन्स एण्ड मिनरल्स प्रो0 श्री नारायण स्वरूप बरूआ पता-रघुराज वाली गली सी.एल. गार्डन के पीछे अटेर रोड पोरसा द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक- 25.04.2025 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना कमांक-614 दिनांक-02.05.2025 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुनः दिनांक- 01/07/2025 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल http://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नम्बर | रकबा | भूमि का प्रकार निजी/शासकीय | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मुरैना | मुरैना हाल तह0 बामौर | बिसेंठा | 1227 | 4.000 हे0 | शास0 भूमि | फर्सीपत्थर बोल्डर एम-सेण्ड उत्खनिपट्टा | |

1- उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारिख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सांय 5:30 बजे तक) ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

2- यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुये 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।

3- यदि इस प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करनें की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।

4- यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृत पर विचार किया जा सकेगा।

5- निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जाएगा।

जिला खनि अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला मुरैना (म0प्र0)

G-14398/25

# बीपीएम जयहिंद मिशन व संत रैदास लोक कल्याण ट्रस्ट द्वारा रानी लक्ष्मी बाई बलिदान दिवस पर निकाली तिरंगा मशाल यात्रा

## सीआईएटी, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, आध्यात्मिक गुरू हुए शामिल, जगह-जगह हुआ स्वागत, आज झांसी पहुंचेगी



**शिवपुरी ब्यूरो।** प्रथम भारतीय स्वाधीनता संग्राम 1857 की महानायिका वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति राष्ट्र चेतना को मुखरित करने के उद्देश्य से शिवपुरी से झांसी तक 14वीं दो दिवसीय पैदल तिरंगा व मशाल यात्रा का आयोजन समाजसेवी संस्था बीपीएम जयहिंद मिशन व संत रैदास लोक कल्याण ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सेवानिवृत्त आईटीबीपी कमाण्डेट फैय्याज खान, सीआरपीएफ सीआईएटी से असि.कमाण्डेट मनीष कुमार शर्मा, आईटीबीपी से इंस्पेक्टर सुरेन्द्र सिंह यादव, आध्यात्मिक गुरू डॉ.रघुवीर सिंह गौर, सेवानिवृत्त एसडीओ अवधेश सक्सैना, प्रायवेट स्कूल एसोसिएशन की नवागत अध्यक्ष डॉ.श्रीमती सुषमा पाण्डे, समाजसेवी श्रीमती विभा रघुवंशी, मातृशक्ति समन्वय से श्रीमती किरण उप्पल, श्रीमती पिंकी गोस्वामी, जैक एण्ड जिल स्कूल संचालक जहार सिंह रावत, स्कूल संचालक रामलखन धाकड़, पर्यावरण प्रेमी बृजेश सिंह तोमर, मीडिया प्रभारी राजू यादव (ग्वाल), रशीद खान गुड्डू, मणिकांत शर्मा, भूपेन्द्र विकल, उम्मेद झा, डॉ कपिल मौर्य, रैली प्रभारी लल्ला पहलवान, उम्मेद ओझा, दुर्गेश गुप्ता, नीरज जाटव, डांसर सुखवीर सिंह कुशवाह, सुल्तान मारसाब, बद्रीप्रसाद धाकड़ आदि मौजूद रहे। यहां बीपीएम जयहिंद संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष व चार बार राष्ट्रपति पुरूस्कार विजेता सेवानिवृत्त जेलर डॉ.व्ही.एस.मौर्य एवं संत रैदास लोक कल्याण ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ.कपिल मौर्य के संयुक्त तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 14वीं बार अमर बलिदानी रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर तिरंगा-मशाल यात्रा शहर के तात्याटोपे समाधि से पुष्पांजलि कर निकाली गई। इस पैदल मशाल तिरंगा यात्रा को झांसी रवाना करने के लिए अतिथियों के द्वारा सर्वप्रथम तात्याटोपे समाधि पर पहुंचकर पुष्प चक्र भेंट कर वीर तात्या को नमन किया तत्पश्चात सभी ने मिलकर इस पैदल तिरंगा मशाल यात्रा में शामिल होकर यात्रा को झांसी के लिए रवाना किया, इसके साथ ही यहां 11 तोपों की प्रतीकात्मक सलामी दी गई। इस दौरान सीआरपीएफ/सीआईएटी व आईटीबीपी सहित पुलिस बल के जवानों की विशेष सहभागिता रही। रैली के आयोजक बीपीएम मिशन संस्था व संत रैदास लोक कल्याण ट्रस्ट के तत्वाधान में देशभक्ति गीतों के साथ निकली इस भव्य तिरंगा रैली यात्रा का नगर में अनेकों स्थानों पर पुष्पाहार, जल वितरण व अन्य पेय पदार्थों के साथ स्वागत किया गया। यह पैदल मशाल यात्रा जिला मुख्यालय से प्रारंभ होकर करैरा में विश्राम करेगी और बुधवार 18 जून को प्रातः निकलकर झांसी के लिए रवाना होगी जो सायं 5 बजे रानी लक्ष्मीबाई समाधि स्थल पर पहुंचकर मशाल समर्पित करते हुए संपन्न होगी।

# भौंती पुलिस ने 1 किलो 200 ग्राम गांजे के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार, एक बाइक जब्त

**शिवपुरी ब्यूरो।** भौंती थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दुल्हई तिराहे के पास से 1 किलो 200 गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार है। आरोपी मोटरसाइकिल से ग्रामीण क्षेत्रों में गांजे को खपाने के लिए आया हुआ था। 16 जून को भौंती थाना प्रभारी मनोज सिंह राजपूत को दुल्हई तिराहे के पास नहर की पुलिया के आगे धर्मेन्द्र राजपूत निवासी लखनपुरा थाना बसई जिला दतिया के मोटरसाइकिल से गांजा बेचने के लिए खड़ा होकर किसी ग्राहक का इंतजार करने की मुखबिर सूचना की। तस्दीक हेतु सउनि जितेन्द्र जाट मय फोर्स व वाहन के दुल्हई तिराहे के पास नहर की पुलिया आगे पहुंचा तो एक व्यक्ति बताये हुलिया का मोटरसाइकिल पर बैठा दिखा जिसकी मोटरसाईकिल मे दाहिने तरफ डिग्गी लगी थी जो पुलिस को देखकर मोटरसाईकिल सहित भागने का प्रयास किया जिसे हमराही फोर्स की मदद से घेराबंदी कर पकड़कर नाम पता पूछा जिसने अपना नाम धर्मन्द्र राजपूत पुत्र देवीलाल राजपूत उम्र 35 साल निवासी लखनपुरा थाना बसई जिला दतिया व मोटरसाईकल की डिग्गी की तलाशी ली तो उसके कब्जे से 1.200 किग्रा गांजा कीमती 15000 रुपये व हीरो होण्डा स्पेलेन्डरक्र. एमपी.32 जेड.ऐ.0883 कीमती 70000 रुपये कुल मशरुका 85000 रुपये को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही कर आरोपी धर्मन्द्र राजपूत पुत्र देवीलाल राजपूत उम्र 35 साल निवासी लखनपुरा थाना बसई जिला दतिया को गिरफ्तार किया गया। थाना वापसी पर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्र. 190/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया। गिरफ्तारशुदा आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया जावेगा। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरी. मनोज राजपूत, सउनि जितेन्द्र सिंह जाट, प्रआर.224 राजेश शर्मा, आर. 534 रामप्रसाद गुर्जर, आर. 637 कमल गुर्जर, आर. 1188 धर्मवीर रावत, की अहम भूमिका रही।

# नालसा स्कीम डॉन-ड्रग, संवाद एवं जाग्रति योजना 2025 के तहत ऑरियन्टेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**धौलपुर ब्यूरो।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरुण कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव द्वारा नालसा डॉन-ड्रग जागरुकता और कल्याण, मार्गदर्शन-ड्रग मुक्त भारत के लिए योजना 2025 नालसा संवाद- हाशिए पर कमजोर आदिवासियों और घुमंतू जनजातियों के लिए न्याय तक पहुंच को मजबूत करना योजना 2025, नालसा जागृति- न्याय जागरुकता के लिए जमीनी स्तर पर सूचना और पारदर्शिता पहल योजना 2025 के सदस्यों के साथ ऑनलाइन माध्यम से बैठक का आयोजन किया गया। इसी प्रकार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने उपस्थित सदस्यों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा 26 जून को पूर्ववर्ति योजना नालसा आदिवासियों के अधिकारों के संरक्षण और प्रवर्तन के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 को अद्यतन और संशोधित करते हुए एक नवीन योजना नालसा संवाद- हाशिए पर कमजोर आदिवासियों और घुमंतू जनजातियों के लिए न्याय तक पहुंच को मजबूत करना योजना 2025 का विमोचन किया है। योजना का उद्देश्य जनजातीय समुदायों के सामने उभरती चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए अधिक लक्षित और जमीनी स्तर का दृष्टिकोण अपनाते हुए उनकी न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करना है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा 26 जून को पूर्ववर्ति योजना नालसा नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं तथा नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 को अद्यतन और संशोधित करते हुए एक नवीन योजना नालसा डॉन-ड्रग जागरुकता और कल्याण, मार्गदर्शन-ड्रग मुक्त भारत के लिए योजना 2025 का विमोचन के उद्देश्यों एवं कार्ययोजना के बारे में विस्तार से बताया।

इसी प्रकार चीफ एलएडीसी अमित कमठान द्वारा उपस्थित सदस्यों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली ने 26 जून को अद्यतन और संशोधित करते हुए एक नवीन योजना नालसा जागृति- न्याय जागरुकता के लिए जमीनी स्तर पर सूचना और पारदर्शिता पहल योजना 2025 का शुभारंभ किया है, के उद्देश्यों एवं कार्ययोजना के बारे में विस्तार से बताया एवं अति. मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गौरव मीणा द्वारा उपस्थित सदस्यों को नालसा डॉन-ड्रग जागरुकता और कल्याण, मार्गदर्शन-ड्रग मुक्त भारत के लिए योजना 2025 के उद्देश्यों एवं कार्ययोजना के बारे में विस्तार से बताया इसी प्रकार सहायक आचार्य विधि महाविद्यालय हेमलता मीणा द्वारा भी स्कीमों के बारे में विस्तार से बताया।

# जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग के सहयोग से जिले में किया जा रहा है योगाभ्यास, 21 जून को जिले में मचकुंड धाम धौलपुर में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

**धौलपुर ब्यूरो।** जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग के सहयोग से जिले में योग के प्रचार प्रसार हेतु विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास किया जा रहा है। जिला योग नोडल अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि धार्मिक एवं पर्यटन स्थल मचकुंड धाम धौलपुर पर जिला कलेक्टर महोदय के निर्देशन में प्रतिदिन जिले की विभिन्न विभागों के सरकारी अधिकारी कर्मचारी एवं आमजन द्वारा योग अभ्यास किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को शिक्षा विभाग, राजकीय महाविद्यालय धौलपुर, जलसंधान संसाधन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, परिवहन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम जन द्वारा योग किया गया। सहायक योग नोडल अधिकारी डॉ रमाकांत मिश्रा ने बताया कि जिले में योग कार्यक्रम विभिन्न स्वयं सेवी एवं सामाजिक संस्थाओं के साथ-साथ पतंजलि संस्थान के सहयोग से कराए जा रहे हैं एवं बताया कि आज वन, खनिज, रसद, उद्योग, रीको, अल्पसंख्यक, राजस्व कोषाधिकारी विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं आमजन उपस्थित रहेंगे। डॉ. विनोद गर्ग वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी एवं संभागीय समन्वयक आयुर्वेद विभाग ने बताया कि 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी के साथ साथ योग संगम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के लिए अपील की। डॉ. त्रिलोक वर्मा योग एवं प्राकृतिक चिकित्सालय धौलपुर प्रभारी एवं पतंजलि संस्थान, योग प्रशिक्षक द्वारा योग प्रदर्शन किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश कुमार मंगल, डीईओ शुक्रोदेवी रावत, प्रशासनिक अधिकारी अशोक उपाध्याय, एडीपीसी जितेंद्र जादौन, एपीसी विशाल गुप्ता बबीता पाराशर कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र शर्मा, डॉ बीड़ी व्यास, मुकेश, व्याख्याता भगवान सिंह मीणा, राजकीय महाविद्यालय धौलपुर से गिर्राज मीणा, बी डी पाराशर, डॉ. अनिल झा, डॉ. सुभाष श्रीवास्तव, डॉ नरेंद्र शर्मा, डॉ सुभाष जिंदल, डॉ सतीश, एवं पतंजलि से डॉ.लाजपत शर्मा, दिनेश दीक्षित, योगाचार्य, परिचारक मुकेश आदि के साथ साथ विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# बंटवारे को लेकर बेटे ने पिता और भाई पर चलाई गोली

**कैलारस।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हटीपुरा की घटना सूचना मिलते ही कैलाश पुलिस पहुंची मौके मोके पर फरियादी दर्शनलाल पुत्र स्व. सीताराम धाकड़ उम्र 58 साल निवासी ग्राम हटीपुरा ने मय अपनी पत्नी रामकली धाकड़ के उपस्थित थाना आकर जुबानी रिपोर्ट की कि आज दिनांक 17.06.2025 को सुबह करीबन 08.30 बजे की बात होगी घरेलू बंटवारे के ऊपर से मेरा बड़ा लड़का नीरज धाकड़ आया और माँ-बहन की गंदी-गंदी गालियाँ देने लगा तो मैंने व मेरे छोटे लड़के रिन्कू धाकड़ ने उसको गालियाँ देने से मना किया सोई नीरज ने हाथ में लिये हुये देशी कट्टा से जान से मारने की नियत से रिन्कू धाकड़ को गोली मारी तभी रिन्कू पीछे के तरफ मुड़ा इतने में गोली उसके दाहिने कन्धे में पीछे से लगी चोट होकर खून निकलने लगा इसके बाद मैं नीरज को पकड़ने लगा तो उसने मेरे धक्का मार दिया जिससे मैं पेट के बल वहीं पड़ी ईंट पर गिरा जिससे मेरे पेट में मूंदी चोट होकर लालिमा आ-गई। मौके पर मेरी पत्नी रामकली धाकड़ व भाई हजारीलाल धाकड़ मौजूद थे जिन्होंने घटना देखी व मुझे बचाया। इसके बाद मैनें पुलिस को फोन किया तब तक नीरज वहाँ से भाग गया और पुलिस मौके पर आ गई और मुझे व मेरे लड़के रिन्कू धाकड़ को साथ में लेकर थाना आयी और रिन्कू व मेरे चोट होने से तुरंत अस्पताल ले गये जहाँ से मेरे लड़के रिन्कू धाकड़ को सीधे मुरैना रैफर कर दिया तो मेरा भाई हजारीलाल उसको एम्बुलेंस से लेकर मुरैना चला गया और मैं अपना इलाज करवाकर थाना रिपोर्ट को आया हूँ। वही ग्राम हटीपुरा में गोली की सूचना मिलते ही कैलारस पुलिस मोके पर पहुची ओर घायलों को सवास्य केंद्र कैलारस ले कर आई वही आरोपी की तलाश जारी हैं




# सेवा भारती मुरैना द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न।




**मुरैना,कांस।** सेवा भारती मुरैना द्वारा आज एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में कुल 85 बहनों एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

**प्रथम सत्र :**

राष्ट्रीय सेवा भारती के राष्ट्रीय सचिव श्री रामेन्द्र सिंह जी की उपस्थिति में सत्र प्रारंभ हुआ। उन्होंने सेवा भारती की संकल्पना एवं परिचय विषय पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। दीदियों को संगठन की मूल भावना एवं कार्यपद्धति से परिचित कराया गया।

**द्वितीय सत्र :**

सेवा भारती के विभिन्न सेवा प्रकल्पों एवं प्रशिक्षण कार्यों की जानकारी श्री कैलाश कुशवाहा (विभाग सामग्री) द्वारा दी गई।

**तृतीय सत्र:**

विभिन्न आयामों पर आधारित समूहवार सत्र आयोजित किए गए, जिनमें ङ्क

संस्कार केंद्र गट - श्रीमती पूनम दंडोतिया दीदी

निवेदिता भारती गट - श्रीमती रजनी गुप्ता दीदी

भजन मंडली गट - श्री कैलाश कुशवाहा एवं श्री जितेन्द्र दंडोतिया जी

स्वयं सहायता समूह (स्वावलंबन) गट ङ्क संध्या शर्मा दीदी द्वारा मार्गदर्शन किया गया।

**समिति की उपस्थिति**

अध्यक्ष श्री अतुल माहेश्वरी

सचिव श्री योगेन्द्र मावई

पूर्णकालिक कार्यकर्ता शिवप्रताप जी

सहयोगी दीदी श्रीमती रिंकी तोमर

यह प्रशिक्षण शिविर मुरैना जिले में संगठनात्मक सुदृढ़ता एवं महिला कार्यकर्ता विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।

# गन्दगी देख मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने खुद झाडू उठाकर की सफाई



**धौलपुर ब्यूरो।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ द्वारा सोमवार को ग्राम पंचायत रजौरा कलां पंचायत समिति सैपऊ के गांव में औचक निरीक्षण किया एवं सफाई कार्यो को मौके पर देखकर ग्रामीणों से सफाई कार्यो की जानकारी ली। मौके पर गन्दगी देख अधिकारी एवं कर्मचारियों पर नाराजगी दिखाई एवं खुद ग्राम पंचायत के मुख्य मार्ग पर हाथ में झाडू उठाकर सफाई शुरू की। उनके साथ गये सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों व ग्रामीण जनों ने भी सफाई की। मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा लोगों को भी समझाया गया कि आप लोग घर का कचरा नाली एवं रोड़ पर ना फैके एवं ना ही सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करें क्योकि प्लास्टिक का जीवन लगभग 500 वर्ष का है। प्लास्टिक से जीव जन्तु व पर्यावरण को कई नुकसान है इसके उपयोग से आये दिन नई-नई बीमारियॉ पैदा हो रही है एवं गाय व अन्य पषु-पक्षी इसे खाकर बीमार होकर मर रहे है इसका प्रभाव मनुष्य के स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। साथ ही गांव की नालियां-नाले, कुंआ, बावडी, तालाब एवं नदियां दूषित हो रही है व जलीय जीवों के लिए भी जान का खतरा बन रही है। इन सब जीवों की मृत्यु होने में मनुष्यों द्वारा प्लास्टिक का उपयोग करना है। उन्होंने कहा कि हम सब लोग कही ना कही इन निर्दोश प्राणियों की जा रही जान में प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से जिम्मेदार है। क्यों ना हम सब मिलकर गंदगी को खत्म करें एक जन अभियान के रूप में सभी कार्य करे वर्तमान में ग्राम पंचायतों द्वारा सफाई की निविदाए जारी की गई है। जिनके माध्यम से गांवों की सफाई कराई जावें जैसे रोड सफाई, नाली सफाई, घर-घर कचरा संग्रहण, कचरे की छटनी व सामुदायिक शौचालयों की सफाई आदि कार्य कराये जावे तथा ग्रामीण जनों से अपील की गई कि गांव को स्वच्छ व साफ रखने में सहयोग प्रदान करें ना कि विविधान पैदाकर कार्य को रोके। इस मौके पर अधिषाषी अभियन्ता गोपेष मीना, अधिषाषी अभियन्ता प्रेमचन्द वैरवा, अधिषाषी अभियन्ता अषोक वर्मा सहित ग्राम विकास अधिकारी अनेक सिंह ग्राम पंचायत रजौरा कलां एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# आमजन की अधिकतम भागीदारी के साथ हो अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन-जिला कलक्टर

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिला कलक्टर ने दिए निर्देश



**धौलपुर ब्यूरो।** जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक मंगलवार को जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में हुई। इस दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन आमजन की अधिकतम भागीदारी के साथ किया जाये। जिला कलक्टर ने 21 जून को जिले में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए कहा कि जिला स्तरीय कार्यक्रम ऐतिहासिक सरोवर मचकुण्ड परिसर में प्रातः 6.30 बजे से आयोजित किया जायेगा। इसमें सभी विभागों की भागीदारी रहेगी। आमजन के साथ-साथ समस्त अधिकारी भी अपने कर्मचारियों के साथ जिला स्तरीय कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। आर्युवेद विभाग को योग दिवस के मद्देनजर समस्त तैयारियां करने के निर्देश देते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि उपखंड और ग्राम स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को योग के प्रति जागरूक करें। जिला कलक्टर ने बताया कि आयुष मन्त्रालय भारत सरकार के ''योग संगम'' पोर्टल के साथ ही राज्य सरकार के आयुष विभाग ने योग पोर्टल विकसित किया है। इस पर सभी ग्राम पंचायत से जिला स्तर के नोडल अधिकारी अपने योग स्थल का ऑनलाइन पंजीयन कर योग दिवस पर अभ्यासियों की संख्या व फोटो अपलोड करेंगे। जिले में आयोजित योग दिवस के समस्त कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित सभी चिकित्सालय, औषधालय एवं आयुष्मान् आरोग्य मंदिरों में योग दिवस आयोजित किया जायेगा। इसके अलावा सभी ग्राम पंचायतों में भी कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसके साथ ही बैठक में उन्होंने महत्वपूर्ण बांधों के गेट पर मानसून पूर्व ग्रीसिंग के कार्य कराए जाने हेतु जल संसाधन विभाग को निर्देशित किया।

उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लम्बित भौतिक सत्यापनों को पूर्ण कराए जाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 20 जून को होने वाली ग्राम सभा में आमजन को योग दिवस में शिरकत करने और पंडित दीनदयाल उपाध्याय सम्बल पखवाड़ा के संबंध में जानकारी दी जाए। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, उपखण्ड अधिकारी बाड़ी, बसेड़ी, राजाखेड़ा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# एक दिवसीय औद्योगिक प्रोत्साहन एवं जागरूकता शिविर का आयोजन 24 जून को

**धौलपुर ब्यूरो।** राजस्थान वित्त निगम दौसा के तत्वाधान में एक दिवसीय औद्योगिक प्रोत्साहन एवं जागरूकता शिविर का आयोजन 24 जून को किया जाएगा। उप प्रबंधक एवं प्रभारी राजस्थान वित्त निगम ने बताया कि एक दिवसीय औद्योगिक प्रोत्साहन एवं जागरूकता शिविर का जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र धौलपुर में 24 जून को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान निगम द्वारा संचालित युवा उद्यमिता प्रोत्साहन योजना, सरल ऋण योजना, फैलेक्सी ऋण योजना, जनरल टर्म योजनाएं एवं मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा की तैयारियों के संबंध में जिला कलक्टर की बैठक




**धौलपुर ब्यूरो।** राज्य सरकार सभी वर्गों युवा, महिला, किसान और गरीब के उत्थान के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है। अन्त्योदय के लक्ष्य की प्राप्ति के क्रम में वंचितों को वरीयता देते हुए राज्य सरकार 24 जून से 9 जुलाई तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा संचालित किया जाएगा। इसके संबंध में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक व्यापक गतिविधियां संचालित कर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को सुनिश्चित किया जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प ''गरीबी मुक्त राजस्थान'' बनाना है। इसी दिशा में सरकार ने 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना' शुरू की है, जिसके माध्यम से पहले चरण में जिले के गांवों के सभी बीपीएल परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाएंगे।

**'वंदे गंगा' जल संरक्षण-जन अभियान की गतिविधियां आयोजित की गई**

उन्होंने कहा कि 5 जून को प्रारम्भ हुए 'वंदे गंगा' जल संरक्षण-जन अभियान के अन्तर्गत जिले में जल संरक्षण एवं संग्रहण की व्यापक गतिविधियां सफलतापूर्वक आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि 20 जून तक संचालित किए जा रहे इस अभियान में जलस्त्रोतों, नदियों, जलधाराओं, तालाबों के साथ ही, बावडियों, कुंओं, बांधों के संरक्षण एवं सफाई आदि के कार्य जनसहभागिता से किए जा रहे हैं।

**ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होंगे शिविर**

उन्होंने कहा कि पखवाड़े के अन्तर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

**राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के अन्तर्गत लम्बित प्रकरणों का होगा निस्तारण**

उन्होंने कहा कि पखवाड़े के अन्तर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना में लक्षित परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने के लिए योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही, लम्बित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरणों का निस्तारण, स्वामित्व पट्टो का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (एनएफएसए) के अन्तर्गत लम्बित प्रकरणों का निस्तारण एवं नवीन पात्र परिवारों एवं सदस्यों की आधार सीडिंग के कार्य भी किए जाएंगें।

**जल संरचनाओं से हटाए जाएं अतिक्रमण**

उन्होंने कहा कि पखवाड़े के दौरान रास्तों व जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटाने और लम्बित राजस्व प्रकरणों में सहमति बनाने का प्रयास किया जाए। उन्होंने वन विभाग को नर्सरियों से पौधों का वितरण, कृषि विभाग को बारिश से पहले बीज वितरण और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को समर कंटीजेंन्सी कार्यो के फिजिकल वैरिफिकेशन के लिए दिशा-निर्देश प्रदान किए। इसके साथ ही, उन्होंने खोदी हुई सड़क, लाइन व लिंकेज के निरीक्षण और मरम्मत कार्य करने एवं ?पानी की टंकी की सफ़ाई के लिए भी निर्देशित किया।

**मानसून के लिए रहे तैयार, उठाएं आवश्यक कदम**

उन्होंने मानसून की तैयारियों के दृष्टिगत संबंधित विभागों को एक्शन मोड पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नालों की सफाई और उसका सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। जिन क्षेत्रों में जल भराव होता है उनका समय पर चिन्हिकरण कर आवश्यक कार्य पूरे किए जाएं। मौसमी बीमारियों के मद्देनजर स्वास्थ्य केन्द्रों पर दवाइयां उपलब्ध हों तथा वर्षाजनित आपदा से निपटने के लिए सभी जिला अधिकारी मुस्तैदी से होकर कार्य करें। बैठक में जिला कलक्टर ने अवगत कराया गया कि पखवाड़े में लम्बित नल कनेक्शन जारी करना, पशुओं की जांच, इलाज और टीकाकरण के लिए कैम्प का आयोजन एवं विद्यालयों में प्रवेशोत्सव मनाने के साथ ही साफ-सफाई सहित आदि कार्य भी संचालित किए जाएंगे। इस दौरान शिक्षा विभाग द्वारा पात्र विद्यार्थियों को स्कूटी वितरण और वन-विभाग द्वारा हरियालों राजस्थान के अन्तर्गत पौधा वितरण के कार्य किए जाएंगे।

# जिला कलेक्टर ने किया ऑनलाइन योग प्रतियोगिता पोस्टर का विमोचन

## आयुर्वेद विभाग द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय, मेडिकल कॉलेज, राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में किया योग संगम रजिस्ट्रेशन एवं प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए किया जागरूक




**धौलपुर ब्यूरो।** जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग द्वारा 21 जून को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रचार-प्रसार हेतु जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी एवं उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा द्वारा योग ऑनलाइन प्रतियोगिता का पोस्टर विमोचन किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने जिले में कार्यरत सभी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारी, स्वयंसेवी एवं समाजसेवी संगठनों से योगासंगम पोर्टल पर अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करने एवं योग दिवस पर पूरे जिले में अधिक से अधिक भागदारी सुनिश्चित करने के लिए कहा। योग नोडल अधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि इस वर्ष की योग की थीम योग फॉर वन अर्थ वन हेल्थ है। इस थीम पर ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रतियोगिता आयोजित कराई जा रही है। संभागीय समन्वयक आयुर्वेद विभाग एवं योग प्रतियोगिता प्रभारी वरिष्ठ आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद गर्ग ने बताया कि स्लोगन ड्राइंग, योग वीडियो तीन प्रकार की ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही हैं। जिसका प्रचार प्रचार सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यम से किया जा रहा है एवं पोस्टर में अंकित लिंक पर क्लिक करके प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। योग दिवस पर आधिकारिक सहभागिता के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय, राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल एवं धौलपुर मेडिकल कॉलेज में उपस्थित प्रधानाचार्य एवं प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क कर महत्पूर्ण जानकारी दी। साथ ही इसी कड़ी में जयपुर कोचिंग क्लासेस में योग संबंधित प्रश्नोत्तरी कार्यालय का आयोजन हुआ उसमें विजेताओं को सम्मानित किया गया। आयुर्वेद विभाग की प्रचार-प्रसार एवं प्रतियोगिता टीम डॉ. त्रिलोक चंद वर्मा जिला योग प्रशिक्षक, डॉ मंजू मीणा, डॉ जाकिर ने योग की जानकारी दी। इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय की प्राचार्य अर्चना सिंह, राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल से प्रशासनिक अधिकारी सुनील दत्त तथा मेडिकल कॉलेज धौलपुर से प्रोफेसर डॉ. संतोष गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

